**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**डाक विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 457**
**उत्तर देने की तारीख 27 नवम्बर, 2024**

## इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी)

**457. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी :**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटील :**
**श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर :**
**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर :**
**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे :**

**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) विगत पांच वर्षों से आज तक देश में कितने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक कार्यरत हैं;

(ख) सरकार द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंकों के माध्यम से प्रदान की जा रही सेवाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) महाराष्ट्र के संभाजी नगर (औरंगाबाद) जिले सहित तत्संबंधी राज्य-वार, जिला-वार और डाकघर-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) देश में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंकों की सेवा बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं;

(ङ) मध्य प्रदेश, दादरा और नागर हवेली, कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित देश में इन बैंकों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का विस्तार करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रावधान किए गए हैं; और

(च) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में मध्य प्रदेश, दादरा और नागर हवेली, कर्नाटक और महाराष्ट्र में इस योजना के माध्यम से कितने लोग लाभान्वित हुए हैं?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) डाक विभाग के अधीन केवल एक ही भुगतान बैंक नामत: इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक स्थापित किया गया है। इस बैंक की 650 शाखाएं और डाकघर नेटवर्क के माध्यम से 1.63 लाख से अधिक सेवा केंद्र (एक्सेस प्वॉइंट) हैं।

(ख) आईपीपीबी विविध प्रकार की सेवाएं और उत्पाद मुहैया कराता है। इनमें बचत और चालू खाते, वर्चुअल डेबिट कार्ड, घरेलू धनांतरण सेवाएं, बिल एवं जनोपयोगी भुगतान, आईपीपीबी के ग्राहकों के लिए बीमा सेवाएं, डाकघर बचत खाते (पीओएसए) को आईपीपीबी खाते से जोड़ना (लिंक करना), डाकघर बचत योजनाओं के लिए ऑनलाइन भुगतान, डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (डीएलसी), आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के साथ-साथ किसी भी नागरिक के लिए आधार में मोबाइल नंबर अपडेट करने और 0-5 वर्ष की आयु के किसी भी बच्चे के लिए बाल नामांकन सेवा की सुविधा शामिल है।

(ग) आईपीपीबी ने महाराष्ट्र के संभाजी नगर (औरंगाबाद) जिले में 6,80,794 खाते खोले हैं। इसके अतिरिक्त, दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार, आईपीपीबी द्वारा खोले गए खातों का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(घ) आईपीपीबी सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जनता को सूचित करने के लिए सभी डाकघरों में आईपीपीबी के संकेत चिह्न लगाए जा रहे हैं। डाक विभाग और आईपीपीबी, नियमित रूप से, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में आईपीपीबी उत्पादों और सेवाओं को लोकप्रिय बनाने के लिए शिविर लगाते हैं। दृश्य (विजुअल) और प्रिंट मीडिया, रेडियो जिंगल्स और सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न जागरूकता एवं मीडिया अभियान भी चलाए जाते हैं।

(ङ) आईपीपीबी की हैंडहेल्ड (हस्तचालित) मोबाइल डिवाइसों के माध्यम से लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभांतरण का भुगतान, डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जारी करना और आधार में मोबाइल

नंबर अपडेट करना, जैसी सेवाएं लोगों के द्वार पर उपलब्ध कराकर उनकी सरकारी स्कीमों तक पहुंच में विस्तार किया जा रहा है।

(च) दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार, मध्य प्रदेश, दादरा और नगर हवेली, कर्नाटक और महाराष्ट्र में आईपीपीबी द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से लाभान्वित ग्राहकों की संख्या निम्नानुसार है :

| **राज्य** | **खातों की संख्या (लाख में)** | **डीबीटी लाभार्थी (लाख में)** | **आधार अपडेशन सेवाएं (लाख में)** |
|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 69.66 | 32.23 | 41.51 |
| दादरा और नगर हवेली | 0 | 0.08 | 0.04 |
| कर्नाटक | 59.04 | 16.04 | 38.64 |
| महाराष्ट्र | 163.13 | 79.5 | 62.18 |

**अनुबंध-I**

**'इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक' विषय के संबंध में दिनांक 27.11.2024 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 457 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| **क्र. सं.** | **राज्य का नाम** | **कुल खाते** |
|---|---|---|
| 1. | अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह | 5,126 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 55,02,874 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 75,237 |
| 4. | असम | 36,72,368 |
| 5. | बिहार | 1,33,87,524 |
| 6. | चंडीगढ़ | 40,650 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 19,70,960 |
| 8. | दादरा एवं नगर हवेली | 0 |
| 9. | दिल्ली | 5,42,349 |
| 10. | गोवा | 57,075 |
| 11. | गुजरात | 34,81,188 |
| 12. | हरियाणा | 10,40,702 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 7,38,808 |
| 14. | जम्मू व कश्मीर | 1,88,486 |
| 15. | झारखंड | 21,76,899 |
| 16. | कर्नाटक | 59,04,193 |
| 17. | केरल | 16,64,703 |
| 18. | लद्दाख | 6,317 |
| 19. | लक्षद्वीप | 838 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 69,65,781 |
| 21. | महाराष्ट्र | 1,63,13,386 |
| 22. | मणिपुर | 3,19,369 |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | मेघालय | 2,29,902 |
| 24. | मिजोरम | 1,11,904 |
| 25. | नगालैंड | 1,55,652 |
| 26. | ओडिशा | 34,30,886 |
| 27. | पुदुच्चेरी | 13,383 |
| 28. | पंजाब | 8,72,200 |
| 29. | राजस्थान | 39,44,226 |
| 30. | सिक्किम | 13,015 |
| 31. | तमिलनाडु | 75,38,263 |
| 32. | तेलंगाना | 44,62,778 |
| 33. | त्रिपुरा | 89,282 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | 1,70,57,928 |
| 35. | उत्तराखंड | 5,26,753 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 29,74,009 |

******